MILLENNIUM POST, Delhi, 17.8.2023
Page No. 10, Size:(9.35)cms X (14.67)cms.

GAIL CMD Sandeep Kumar Gupta unfurled National Flag at GAIL Bhawan, Bhikaijicama Place, New Delhi on 77th Independence Day

प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना

पचास हजार घरों तक PNG पहुंचाने की तैयारी शुरू

महानगर नेटवर्क

वाराणसी

प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना के तहत मार्च, 2024 यानी होली से पहले गेल इंडिया लिमिटेड की ओर से पचास हजार घरों तक PNG (पाइप्ड नेचुरल गैस) पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई है।

इसी के साथ जिले में नौ और CNG (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) स्टेशन खोलने के लिए लगभग स्थान भी तय कर दिए गए हैं। इसमें पिंडरा, सेहमलपुर, डाफी, जंसा, वरुणा ब्रिज, रविदास घाट आदि है। वर्तमान में 23 सीएनजी स्टेशन चल रहे हैं।

वर्तमान में गेल इंडिया की ओर से बीएचयू, करौंदी, सुंदरपुर, कमरमत्ता, चितईपुर, भिखारीपुर,

अखरी, सुसुवाही, नरिया, छित्तूपुर, भोजूबीर समेत दर्जनों क्षेत्रों में लगभग 28 हजार घरों में कनेक्शन देकर पीएनजी की आपूर्ति की जा रही है। पीएनजी की आपूर्ति न होने को लेकर टकटकपुर समेत अन्य क्षेत्र के लोगों की हाल में की गई शिकायतों को गेल इंडिया के अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। आश्वासन दिया है कि तत्काल गैस की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। कंपनी उपभोक्ताओं के घर तक पीएनजी पहुंचाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर व किफायती

- एलपीजी (लिक्विड पेट्रोलियम गैस) की तुलना में पीएनजी किफायती है। हर माह लगभग 10-15 प्रतिशत की बचत तय है।
- एलपीजी की तुलना में हल्की होती है पीएनजी, इसलिए आग व दुर्घटना की आशंका कम होती है। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी।
- खपत के हिसाब से बिलिंग होती है। ग्राहक मीटर के माध्यम से अपनी खपत पर नजर रख सकता है। आनलाइन शिकायत सुविधा।